तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 18.4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025

12 मूसलाधार बरसात की वजह से मौसम का बदला मिजाज



12 महाराजा अग्रसेन ने दिया समानता व सहयोग का संदेश



## खबर संक्षेप

### राइस मिल की गारंटी लेकर धोखे से तैयार की गलत डीड

**यमुनानगर।** राइस मिल की गारंटी लेकर धोखे से गलत डीड तैयार करवाने के आरोप में पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है। इसके साथ ही आरोपियों पर 12 हजार क्विंटल सरकारी चावल हड़पने का भी आरोप है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव बहादूरपुर निवासी अशोक कुमार ने प्रतापनगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी जय लक्ष्मी राइस मिल है। उसने बताया कि गांव सपोलिया निवासी यशपाल, अनिकेत और ताजेवाला निवासी मनव्वर खान उसके पास उसकी राइस मिल पर आए। आरोपियों ने उसे कहा कि उन्होंने गोविंद राइस मिल किशनपुरा खरीद किया हुआ है। उन्हें आपके राइस मिल की गारंटी की जरूरत है। आरोपियों ने उसे 14 जुलाई 2023 की एक डीड भी दिखाई।

### 6.50 करोड़ की चल और अचल संपत्ति की फ्रिज

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल के एंटी नारकोटिक्स सेल के इंचार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह और थाना प्रबंधक निरीक्षक भगवान ने 26 सितंबर 2025 को ड्रग्स के कारोबार में संलिप्त गुरमुख सिंह पुत्र सधा सिंह, निवासी गांव अमुपुर निसिंग की कुल 6.50 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्ति को फ्रिज किया। जिला पुलिस ने बताया कि आरोपी वर्षों से नशा तस्करी के बड़े नेटवर्क में सक्रिय था और संपत्ति नशे के कारोबार से अर्जित की गई थी। पुलिस ने यह कार्रवाई सक्षम अधिकारियों और नई दिल्ली से कन्फर्मेशन के बाद की।

### फसल अवशेष जलाने पर 30 नवंबर तक प्रतिबंध

**लाडवा।** एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि धान व अन्य फसल कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों को जलाने पर 30 नवंबर 2025 तक पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया हुआ है। फसल अवशेषों में आग लगाने से रोकने और जनहित को जहन में रखते हुए जिलाधीश द्वारा बीएनएसएस 2023 की धारा 163 लगाई हुई है। इसके बावजूद भी यदि कोई फसल अवशेष में आग लगाते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ बीएनएसएस 2023 की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

### लाडो योजना के लिए मोबाइल एप से हो रहे आवेदन

**लाडवा।** मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 25 सितंबर को हरियाणा सरकार द्वारा दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के आवेदन के लिए एप लॉन्च की हुई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं के लिए इस योजना को शुरू किया है। एक लाख से कम इनकम वाले परिवार की महिलाओं को योजना के लिए जरूरी कागजात को पूरे कर आवेदन करने की अपील की।

### मंडियों में किसानों को धान सुखाने के लिए भी जगह नहीं मिल रही

# बारिश के कारण मंडियों में खुले आसमान के नीचे भीगा धान

- मंडियों में सड़कों पर जहां पर भी नजर जाती है वहां पर धान ही धान नजर आ रहा है।
- मजदूर दिनभर धान को सुखाने में लगे रहे, किसान नहीं पहुंच पा रहे आढ़तियों तक।

## उठान धीमा होने से मंडियां धान की बोरियों से अटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

जिले में सोमवार को हुई बारिश से कई अनाज मंडियों में खुले में पड़ा धान भीग गया। बारिश आने पर मजदूर तिरपाल लेकर धान को ढकने के लिए भागे। गनीमत यह रही कि बारिश ज्यादा तेज नहीं थी। वरना जलभराव होने से अनाज मंडियों में पड़ा सारा धान भीग जाता। उठान धीमा होने से मंडियां धान की बोरियों से अटी हुई हैं। मंडियों में किसानों को धान सुखाने के लिए भी जगह नहीं मिल रही।

- ट्रैक्टर-ट्रालियों व ट्रकों को धान के ऊपर से ही ले जाया जा रहा

मंडियों में सड़कों पर जहां पर भी नजर जाती है वहां पर धान ही धान नजर आ रहा है। मजदूर दिनभर धान को सुखाने में लगे रहते हैं। हालात ऐसे हो गए हैं कि मंडी में किसान जिन ट्रैक्टर-ट्रालियों में धान लेकर आ रहे हैं उन्हें भी आढ़ती तक जाने की जगह नहीं मिल रही। इससे ट्रैक्टर-ट्रालियों व ट्रकों को धान के ऊपर से ही ले जाया जा रहा है।

अभी तक अजराना कला मंडी से 1810 एमटी, अमीन मंडी से 915 एमटी, बाबैन मंडी से 12915 एमटी, भौर सैयदा से 1524 एमटी, चढ़ूनी जाटान मंडी से 1960 एमटी, गुमथला गढ़ू से 4501 एमटी , इस्माईलाबाद मंडी से 14228 एमटी, झांसा मंडी से 9928 एमटी, थानेसर मंडी से 51336 एमटी, लाडवा मंडी से 39511 एमटी, गांव नलवी से 1113 एमटी, पिहोवा मंडी से 32155 एमटी, पिपली मंडी से 20481 एमटी, शाहबाद मंडी से 42427 एमटी, थाना से 781 एमटी, ठोल मंडी से 7710 एमटी धान खरीदा गया है।



कुरुक्षेत्र। थानेसर अनाज मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ी धान से भरी बोरियां।

### धान की इतनी हो चुकी है खरीद

हैफेड द्वारा गांव बाबैन मंडी से 4338 एमटी, बारना मंडी से 434 एमटी, बोधनी से 600 एमटी, इस्माईलाबाद मंडी से 13009 एमटी, कराह साहब से 1370 एमटी, कुरुक्षेत्र मंडी से 6122 एमटी, लाडवा मंडी से 9731 एमटी, लुखी में 240 एमटी, मलिकपुर से 1313 एमटी, नीमवाला से 330 एमटी, पिहोवा मंडी से 9938 एमटी, पिपली मंडी से 118 एमटी, शाहबाद मंडी से 4078 एमटी व ठोल मंडी से 906 एमटी धान की खरीद की गई है। खाद्य आपूर्ति और हैफेड द्वारा कुल 295822 एमटी धान की खरीद की जा चुकी है।

### बारिश से तापमान में आई गिरावट

बारिश के बाद तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो गया है। सोमवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। ठंडी हवाओं से एकाएक ठंड का एहसास करवाया। दिन व रात के तापमान में गिरावट से ठंड का अहसास होने लगा है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार तापमान में गिरावट दर्ज होगी।

### मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने रादौर मंडी का किया निरीक्षण

**रादौर।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने सोमवार को अनाजमंडी रादौर का निरीक्षण कर डिजिटल कांटो से हो रही तुलाई की जांच की। सीएम फ्लाईंग की टीम के अचानक निरीक्षण करने से अनाजमंडी के आढ़तियों में हडकंप मच गया। जब तक टीम मंडी में रही तो आढ़तियों की कार्रवाई से सांसे रूकी रही। सोमवार को सीएम फ्लाईंग की टीम इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में अचानक रादौर की अनाज मंडी में पहुंच गई। जिसे देखकर अनाज मंडी में हडकम मच गया। इस दौरान मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने धान की फसल की तुलाई की जांच की। वहीं, टीम ने मंडी में डिजिटल कांटे के तौल को जांचा। टीम को मंडी में सही तोल मिला। मौके पर टीम में शामिल सीएम फ्लाइंग के सब इंस्पेक्टर सुखविंदर सिंह, सब इंस्पेक्टर परविंदर सिंह, एसआई जनकराज, एसआई डॉ. बलविंदर सिंह व नापतोल इंस्पेक्टर मोहन शर्मा आदि की टीम ने मजदूरों द्वारा डिजिटल कांटो से तुलाई कर भरी गई बोरियों की भी जांच की। सीएम फ्लाईंग की टीम ने डिजिटल व साधारण कांटो से तुलाई की जांच की। इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि टीम द्वारा पूरे प्रदेश की मंडियों का निरीक्षण कर डिजिटल कांटो से की जा रही तुलाई की जांच की जा रही है। जांच में गड़बड़ी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



यमुनानगर। निरीक्षण के दौरान जांच करते हुए मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम।

## मौसम विभाग द्वारा बारिश और तेज हवा का अलर्ट जारी होने पर भी नहीं जागे अधिकारी



यमुनानगर। अनाज मंडियों में आसमान के नीचे धान बारिश में भीगता हुआ।

- सोमवार को हवा के साथ हुई झमाझम बारिश में अनाज मंडियों में खुले आसमान के नीचे भीगता रहा हजारों मीट्रिक टन धान

**यमुनानगर।** मौसम विभाग द्वारा पिछले दो दिनों से बारिश का अलर्ट जारी किए जाने के बावजूद सोमवार को हवा के साथ हुई बारिश से जिले की अनाज मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़ा हजारों मीट्रिक टन धान भीग गया। बारिश से धान भीगने से किसानों व आढ़तियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सोमवार सुबह आसमान में बादल छा गए थे। मगर कुछ देर के बाद बादल छंट गए और आसमान साफ हो गया। आसमान साफ होने से किसान अपनी धान बेचने के लिए अनाज मंडियों में पहुंचे। मगर दोपहर एक बजे के करीब अचानक आसमान में घनघोर घटा छा गई और हवा चलने लगी। कुछ ही देर के बाद हवा के साथ बारिश शुरु हो गई। बारिश शुरु होने पर खुले आसमान के नीचे पड़ी धान की ढ़ेरियों को बचाने के लिए किसानों के हाथ पांव फुल गए। इस दौरान अनाज मंड़ियों में धान की कुछ ढ़ेरियों को त्रिपाल आदि से ढ़कने का प्रयास किया गया। मगर तेज हवा चलने की वजह से सफलता नहीं मिली और देखते ही देखते अनाज मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़ा हजारों मीट्रिक टन धान भीग गया।

### इंतजाम नहीं होने से अनाज मंडियों में हुआ नुकसान

किसान रविंद्र कुमार, गुलाब सिंह, मायाराम, सतबीर सिंह, रोहताश व विरेंद्र आदि ने बताया कि अनाज मंडियों में पिछले करीब दो सप्ताह से धान की खरीद की जा रही है। मगर अभी तक अनाज मंडियों में पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। उनका कहना है कि अनाज मंडियों में हजारों मीट्रिक टन धान आसमान के नीचे पड़ा है। मंडियों में पर्याप्त ना त्रिरपाल हैं और ना ही धान खरीद प्रक्रिया में तेजी है। जिस वजह से अनाज मंडियों में बिकने को पहुंचा धान भीगने से किसानों को नुक्सान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि धान के भीगने से अब उनकी धान की फसल को काफी कम दामों पर खरीदे जाने की आशंका बन गई है।

### भीगे धान का मिले सरकारी मूल्य

भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री रामबीर सिंह चौहान का कहना है कि अनाज मंडियों में भीगे धान को सरकार द्वारा एमएसपी मूल्य पर खरीदा जाना चाहिए। क्योंकि अनाज मंडियों में धान के पहुंचने के बाद पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की है। यदि अनाज मंडियों में इंतजाम होते तो किसानों की खुले आसमान के नीचे बिकने को पड़ी धान के भीगने से नुक्सान नहीं होता। उन्होंने बारिश में भीगे धान को पूरे मूल्य पर खरीदे जाने की मांग की।

## 35 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

करनाल में पुराने रंजिश के चलते 35 वर्षीय युवक शेर सिंह की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। यह घटना रविवार देर रात पुराने बस स्टैंड के पीछे हुई। शुरुआती विवाद मृतक और आरोपी के बीच कुछ समय पहले फोन छीनने को लेकर शुरू हुआ था।



### मोबाइल पर विवाद

जानकारी के अनुसार, मृतक शेर सिंह पुराने बस स्टैंड के पीछे रहता था। परिजनों के मुताबिक, कुछ दिन पहले एक आरोपी ने शेर सिंह का मोबाइल छीन लिया था। रविवार रात को मोबाइल छीनने वाले आरोपी का शेर सिंह से आमना-सामना हो गया। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जिसके बाद आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर चाकू से शेर सिंह पर हमला कर दिया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

स्थानीय लोगों ने शोर सुनकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल शेर सिंह को इलाज के लिए करनाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। जांच में पता चला कि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गया था। हालांकि, सुबह आरोपी जब घटना स्थल पर चाकू उठाने आया, तो आसपास के लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। सिविल लाइन थाना के एसएचओ रामलाल ने बताया कि मृतक को कुछ लोगों के साथ झगड़ा हुआ, जिसमें चाकू मारे गए। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि एक आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है और बाकी साथियों की तलाश में पुलिस की टीम लगी हुई है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है और उसके फरार साथियों की तलाश जारी है।

## लालच में फंसा युवक शातिर बदमाश सोने का कड़ा लेकर फरार

**अंबाला।** अंबाला शहर के ग्रसेन चौक के पास सरस्वती कॉलोनी के राजेश कुमार सूद के साथ दो शातिर ठगों ने धोखाधड़ी की। ठगों ने बातों में उलझाकर राजेश से उसका सोने का कड़ा ठग लिया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर सिटी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की तलाश कर रही है। राजेश कुमार सूद ने बताया कि वह सुबह अपने घर से एक्टिवा पर आम्रपाली होटल जा रहा था। अग्रसेन चौक पर कोर्ट रोड पुल के पास एक एक्टिवा सवार व्यक्ति ने उन्हें हाथ दिखाकर रोका और पंचायत भवन का रास्ता पूछने लगा। इसी दौरान एक अन्य व्यक्ति थैले में कुछ कागजी पर्चियां लेकर आया।

## छात्रों की रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करते केयू में छह क्लब बनाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, ने छात्रों की रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय परिसर में छह क्लबों की स्थापना की है। ये क्लब विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट, इंस्टिट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज, इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड रिसर्च और यूनिवर्सिटी इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में अलग-अलग रूप से गठित किए गए हैं। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने बताया कि इन क्लबों का गठन छात्रों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, इन क्लबों के माध्यम से छात्रों को उनकी रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतिभा को मंच प्रदान किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इन क्लबों में फाइन आर्ट्स क्लब, लिटरेरी क्लब (हिंदी एवं अंग्रेजी), म्यूजिक एंड डांस क्लब, थिएटर क्लब, फोटोग्राफी क्लब और ईको/नेचर क्लब शामिल हैं। प्रत्येक क्लब के लिए शिक्षक प्रभारी नियुक्त किए गए हैं जो छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे और गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित करेंगे। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी प्रतिभाशाली छात्र, जो फाइन आर्ट्स, साहित्य, संगीत, नृत्य, रंगमंच, फोटोग्राफी या पर्यावरण संबंधी गतिविधियों में रुचि रखते हैं, वे इन क्लबों के सदस्य बन सकते हैं।

### विभिन्न विभागों के टीचर इंचार्ज को मिली क्लब की जिम्मेवारी

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट में फाइन आर्ट्स क्लब में डॉ. जया दरोंडे व डॉ. सुशील कुमार, लिटरेरी क्लब में अंग्रेजी विभाग के डॉ. विक्रम, डॉ. हरविन्दर कौर, म्यूजिक एंड डांस क्लब में डॉ. अशोक कुमार व डॉ. हरविन्दर सिंह, थिएटर क्लब में इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ से डॉ. संत लाल व संस्कृत विभाग से डॉ. विजश्री, फोटोग्राफी क्लब में आईएमसीएंडएमटी से डॉ. रोशन मस्ताना व ऋतु तथा इको/नेचर क्लब में जूलोजी विभाग से प्रो.दीपक राय बब्बर, बॉटनी से डॉ. अमिता शर्मा व पर्यावरण अध्ययन संस्थान से डॉ. मीनाक्षी सुहाग को टीचर इंचार्ज बनाया गया है।

## फैक्ट्री में लकड़ी से लदी ट्रॉली से गिरकर मुंशी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- ट्रॉली पर लदी लकड़ियों की जांच करते समय पैर फिसलने से हादसा

दामला स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री में ट्रॉली में लदी लकड़ियों की जांच करते समय पैर फिसल कर गिरने से मुंशी की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

गांव दामला निवासी टिंकू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता 53 वर्षीय राजेश शर्मा कई वर्षों से दामला की प्लाईवुड फैक्ट्री में मुंशी के पद पर काम करता था। उनके पिता सुबह आठ बजे घर से फैक्टरी पर काम के लिए गए थे। जब उसके पिता लकड़ी से लदी ट्राली पर चढ़कर लकड़ी की जांच कर रहे थे तो उसके पिता का पैर फिसल गया।

### जांच करने पर पिता को मृत घोषित किया

पैर फिसलने से उसका पिता लकड़ी से भरी ट्राली से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दोपहर में फैक्ट्री कर्मी ने उन्हें फोन कॉल कर बताया कि पिता ट्रॉली से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया है। वह सूचना पाकर फैक्ट्री में पहुंचा। जहां से उसके पिता को अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच करने पर उसके पिता को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

### आरसीसी नाले का भी किया जाएगा निर्माण

## 1.20 करोड़ से वार्ड 24 में बनेंगी चार सड़कें

- विधायक प्रमोद विज और मेयर कोमल सैनी ने किया निर्माण कार्य का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

शहर के नगर निगम वार्ड 24 में लम्बे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा सडक़ के पुनर्निर्माण की मांग अब पूरी होने जा रही है। वार्ड में 1 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से नगर निगम द्वारा पांच सडक़ों का निर्माण किया जाएगा। आज विधायक प्रमोद विज और नगर निगम महापौर कोमल सैनी ने सडक़ों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वार्ड की पार्षद साँची तनेजा ने वार्ड में विकास कार्यों के लिए विधायक और मेयर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में वार्ड के विकास कार्य तेज गति से हो रहे हैं। विधायक प्रमोद विज और महापौर कोमल सैनी ने कहा कि शहर के विकास हेतु सतत प्रयासरत हैं और भाजपा की सरकार में हर क्षेत्र में बिना भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं तथा भविष्य में जारी रहेंगे।




**विकास कार्य के उद्घाटन में ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमित पंडित, मॉडल टाउन मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सोनी, सुदर्शन चुघ, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र तनेजा, पूर्व महामंत्री सुरेन्द्र गाबा, डॉ.अजय दुआ, सूरज भान वर्मा, सोनिया गाबा, अशोक कालड़ा, सुमित ठकराल, मुकेश राजपूत, कुनाल कपूर व नवीन वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

## युवक पर चाकू से हमला करने के दो आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

थाना समालखा पुलिस ने गांव चुलकाना में दशहरा उत्सव के दौरान युवक पर चाकू से हमला करने के दो आरोपियों को रविवार शाम को गांव चुलकाना से काबू किया है। आरोपियों की पहचान चुलकाना निवासी नितीन उर्फ नीशु व रविकांत के रूप में हुई है। थाना समालखा प्रभारी सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपने अन्य कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर रंजिशन चाकू से हमला करने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक चाकू बरामद कर आज पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को न्यायायल में पेश किया गया। जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया। थाना समालखा में गांव चुलकाना निवासी अजय पुत्र धर्मसिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका लडक़ा रविंद्र आईटीआई में पढता है।



समालखा। युवक पर हमले के आरोपियों के साथ पुलिस टीम ।

## खबर संक्षेप

### सम्मान समारोह में बताईं समूह की उपलब्धियां

**कुरुक्षेत्र।** सोशल ऑगेनाईजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह,कुरुक्षेत्र के 6 वर्ष संपन्न होने पर रविवार सांय रेलवे स्टेशन के नजदीक एक निजी होटल में पदाधिकारी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए संस्थापक सदस्य अवनी गुप्ता ने बताया कि संस्थापक अध्यक्ष चन्द्रमौली गौड़ की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में समूह के सफलतम 6 वर्षों की उपलब्धियां बताई गई। साथ ही समूह द्वारा संचालित सभी 21 ग्रुपों के सर्वश्रेष्ठ पदाधिकारी, ग्रुप इन्चार्ज एवं सदस्य भी घोषित किए गए।

### जयंती पर मानव मित्र मंडल ने दी श्रद्धांजलि

**कुरुक्षेत्र।** मानव मित्र मंडल के संस्थापक ब्रह्मलीन प्रोफेसर राम रतन शर्मा के आशीर्वाद से मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र द्वारा महारानी दुर्गावती की जयंती पर छात्र प्रोत्साहन एवं सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ राजीव अत्री मुख्यातिथि के रूप में पधारे। स्वामी हरिओम दास संचालक वात्सल्य वाटिका ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। रविंद्र शर्मा प्रिंसिपल डीएवी कन्या विद्यालय करनाल अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## आयुक्त ने विभिन्न शाखाओं के कर्मचारियों की मीटिंग लेकर दिए निर्देश

# हर नागरिक की संपत्ति कराएं स्वयं सत्यापित : आयुक्त

**बिना सत्यापित संपत्ति की नहीं होगी रजिस्ट्री, 54.37 प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम क्षेत्र की संपत्तियां शत प्रतिशत स्वयं सत्यापित कराने को लेकर नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने सोमवार को नगर निगम की हर शाखा के कर्मचारियों की बैठक ली। निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि उनके पास जो भी शहरवासी निगम संबंधित कोई भी कार्य कराने के लिए आते हैं, उसे अपनी संपत्ति स्वयं सत्यापित कराने के लिए जागरूक करें। उन्हें इसके लाभ बताएं कि बिना स्वयं सत्यापित वह अपनी संपत्ति की रजिस्ट्री नहीं करवा सकते और न ही उसकी एनओसी ले सकते हैं। इसलिए अपनी संपत्ति को स्वयं सत्यापित कराएं। आयुक्त ने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वह पांच संपत्तियां रोजाना स्वयं सत्यापित कराना सुनिश्चित करें। इसके अलावा जो कर्मचारी पहले से स्वयं सत्यापित संपत्तियां करने में जुटे हैं। वह भी रोजाना 15 संपत्तियां रोज स्वयं सत्यापित कराएं। इस दौरान आयुक्त ने कर्मचारी से उसके कार्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर कर्मचारी के पास रोजाना शहरवासी अपनी प्रॉपर्टी, जन्म मृत्यू प्रमाण पत्र, सफाई, टूटी सड़क, नाली निर्माण व निगम संबंधित अन्य शिकायतों के संबंध में आते है। इस दौरान लोगों से बातचीत कर संपत्ति स्वयं सत्यापित करवाने के बारे में बताए।



यमुनानगर। निगम कार्यालय में संपत्ति सत्यापित कराने को लेकर कर्मचारियों की बैठक लेते नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

*निर्देश-कर्मचारी पांच संपत्तियां रोजाना सत्यापित कराना सुनिश्चित करें, संपति को बिना स्वयं सत्यापित करवाए नगर निगम से नहीं मिलेगी एनओसी*

### प्रॉपर्टी आईडी से नहीं हो सकेगी छेड़छाड़

आयुक्त ने शहरवासियों से अपील की कि वह अपनी संपत्ति स्वयं सत्यापित कराएं। संपत्ति सत्यापित कराने से जहां उनकी प्रॉपर्टी सुरक्षित रहेगी। वहीं,उनकी प्रॉपर्टी आईडी से कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकेगा। स्वयं संपत्ति सत्यापित करने से उनकी प्रॉपर्टी आईडी लॉक हो जाएगी। इसके बाद कोई भी बाहरी व्यक्ति उनकी प्रॉपर्टी आईडी से छेड़छाड़ नहीं कर सकेंगे। ऐसा करने से प्रॉपर्टी मालिक प्रॉपर्टी से संबंधित किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से भी बच जाएगा। इसके अलावा बिना स्वयं सत्यापित संपत्ति के कोई भी उसकी रजिस्ट्री नहीं करवा सकता। संपत्ति बेचने व अन्य लेनदेन में आसानी होगी। संपत्ति के रिकॉर्ड का सटीक होगा। जिससे टैक्स के सही भुगतान में मदद मिलेगी। निगमायुक्त ने कहा कि यदि संपत्ति मालिक अपनी प्रॉपर्टी स्वयं सत्यापित करने में असमर्थ है तो वह निगम कार्यालयों में आकर अपनी प्रॉपर्टी स्वयं सत्यापित करवा सकते है।

# तोरण निर्माण स्पर्धा में नेहा व अतुल रहे प्रथम



यमुनानगर। गुरुनानक खालसा कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करते प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

- गुरुनानक खालसा कॉलेज में तोरण निर्माण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में कॉमर्स कैलिबर क्लब द्वारा सोमवार को तोरण निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कॉलेज के वाणिज्य विभाग की अध्यक्ष डॉ. जसविंद्र कौर ने बताया कि प्रतियोगिता में बीकाम की छात्रा नेहा व बीए के अतुल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, स्नेहा व कास्मिक ने द्वितीय और अवि वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि मनप्रीत ,चांदनी, पल्लवी व प्रिया को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

### विद्यार्थियों को किया प्रेरित

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अर्विंदर सिंह भल्ला ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की सृजनात्मक क्षमता को निखारती हैं और उन्हें भारतीय परंपराओं से जोड़ती हैं। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर्स डॉ. अशोक खुराना विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा की सराहना की और उन्हें सहपाठयक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य अरविंदर सिंह भल्ला ने विजेताओ को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने विभाग द्वारा आयोजित ऐसी रचनात्मक, सांस्कृतिक और शिक्षाप्रद गतिविधियों की प्रशंसा की।

# समाज में समानता और विकास तभी जब महिलाएं व पुरुष साथ काम करें : डॉ. नेहा

- ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रादौर में आयोजित किया व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



यमुनानगर। ग्लोबल रिसर्च शिक्षण संस्थान में आयोजित व्याख्यान में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रादौर में सोमवार को जेंडर सेन्सिटाइजेशन कमेटी द्वारा महिला नेतृत्व, चुनौतियां एवं अवसर विषय पर एक्सटर्नल एक्सपर्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीबीए विभागाध्यक्ष पूनम रानी द्वारा किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी से बी.फार्मेसी की विभागाध्यक्ष डॉ. नेहा यादव ने भाग लिया। मुख्य वक्ता एवं बी. फार्मेसी विभागाध्यक्ष डॉ. नेहा यादव ने उदाहरण देकर बताया कि कैसे भारतीय महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपने साहस, परिश्रम और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है। उन्होंने अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला की साहसिक उड़ान, रानी लक्ष्मी बाई के वीरतापूर्ण नेतृत्व, भारत की महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, देश की पहली महिला सेना अधिकारी जैसी प्रेरक उपलब्धियों का उल्लेख किया।

समाज में समानता और विकास तभी संभव है जब पुरुष और महिलाएं मिलकर साथ काम करें। संस्थान निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने अपने विचारों से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार किया। पूनम रानी ने मुख्य वक्ता डॉ. नेहा यादव का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# स्वदेशी का संकल्प आत्मनिर्भरता की नींव : ढांडा

- हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में लोगों का स्वदेशी अपनाने के लिए किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




यमुनानगर। पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा।

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया आत्मनिर्भर भारत अभियान देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सोमवार को यमुनानगर में भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रदेशवासियों को विदेशों से निर्भरता कम करने और स्वदेशी उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए आहवान किया। मौके पर पूर्व शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुज्जर भी मौजूद रहे।

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के नागरिकों से देश में बनी वस्तुओं को बढ़ावा देने की बात कही है । ताकि भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ सके। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के लिए स्वदेशी संकल्प एक नारा नहीं है। बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव है। शिक्षा मंत्री महीपाल ढ़ांडा ने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक क्षेत्र में ही नहीं है। यह हमारी संस्कृति और आत्मा का हिस्सा है। दुनिया में भारत का योग, आयुर्वेद, हस्तशिल्प, परंपरागत उद्योग यह सब वैश्विक पहचान बना चुके हैं।

### स्वदेशी के लिए सरकार ने चलाए कई अभियान

उन्होंने कहा क पिहले हम तकनीक का आयात करते थे। आज दुनिया भारत से सीख रही है। यह आत्मनिर्भर भारत का नया चेहरा है। स्वदेशी हमारे देश के कारीगरों, किसानों, छोटे व्यापारियों और हमारे उद्यमियों के प्रति एक सम्मान है। जब हम स्वदेशी अपनाते हैं तो हम अपने देश की मिट्टी से जुड़ते हैं। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि दत्तोपंत ठेंगड़ी ने हमें सिखाया है कि आर्थिक आत्मनिर्भरता ही सुरक्षा है। भारतीय उद्योग और श्रमिक हमारी ताकत हैं। उन्होंने स्वदेशी प्रौद्योगिकी, कृषि और लघु उद्योगों को बढ़ावा देकर यह दिखाया कि हमारा विकास हमारे हाथ में है। यही प्रेरणा आगे चलकर वर्ष 1991 में आत्मनिर्भर भारत के आंदोलन का आधार बनी। जिसे आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का आह्वान किया है। आज मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल अवसंरचना और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियान इसी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं।

### दीनदयाल उपाध्याय के मार्ग पर चल रहे

उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि आर्थिक व्यवस्था स्वदेशी पर आधारित होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में भाजपा की केन्द्र सरकार इसी मंत्र पर चलते हुए स्वदेशी को बढ़ावा दे रही है। इस अवसर पर नगर निगम मेयर सुमन बहमनी, प्रदेश प्रवक्ता विधु रावल, जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह राणा व प्रवीण खदरी, जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग,आत्मनिर्भर भारत की प्रदेश सह संयोजक प्रीति जौहर व जिला संयोजक दीशा बरार आदि मौजूद रहे।

# रि. प्रिंसिपल व टीचर्स की मांगों पर मंथन

- रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल एंड टीचर्स एसोसिएशन हरियाणा की राज्यस्तरीय बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल एंड टीचर्स एसोसिएशन की राज्यस्तरीय बैठक में विचार रखते एसोसिएशन के प्रांतीय प्रधान डॉ. मल्होत्रा।

रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल एंड टीचर्स एसोसिएशन हरियाणा की राज्यस्तरीय बैठक का आयोजन शहर के जिमखाना क्लब में किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रांतीय प्रधान डॉ. अमर सिंह मल्होत्रा ने की। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में एसोसिएशन के संरक्षक डॉ. बलबीर सिंह मौजूद रहे। बैठक में यमुनानगर जोन के प्रधान डॉ. सुभाष वोहरा द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। एसोसिएशन के प्रांतीय प्रधान डॉ. अमर सिंह मल्होत्रा ने कहा कि एसोसिशन द्वारा रिटायर्ड प्रिंसिपल एंड टीचर्स की मुख्य मांगों जिनमें नोशनल इंक्रीमेंट, नोशनल पे फिक्सेशन, पेंशन, ट्रेजरी, 12 प्रतिशत कंपाउंड इंट्रेस्ट, 36 दिन का स्ट्राइक पीरियड, ग्रेच्युटी 20 से 25 लाख, वर्ष 2006 से पूर्व सेवानिवृत प्रिंसिपल को मिलने वाले आर्थिक लाभ, वर्ष 1998 से पूर्व सेवानिवृत्त साथियों को मिलने वाले ऑनरेरियम पर पांच प्रतिशत वार्षिक वृद्धि जैसी मांगों को सरकार से पूरा करवाने के लिए प्रयास कर रही है। डॉ. मल्होत्रा ने बताया कि गत दिनों एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल उच्चतर शिक्षा निदेशक हरियाणा से मिला था और उन्हें अपनी मांगों और समस्याओं से अवगत करवाया गया। वित्त वर्ष के अंतिम दो महीने फरवरी और मार्च की पैंशन हेतु बजट न रहने पर पैंशन वितरण में समस्या आती है।

### ये रहे मौजूद

डॉ. देवेंद्र आनंद , डॉ. महताब सिंह, डॉ.सुखवंत सिंह, डॉ. एमएस खांची, डॉ. डीपी असीजा, डॉ. योगेश, डॉ. आरके अवस्थी,डॉ. गुलशन सेठी, डॉ. गुरबख्श, डॉ. कुलबीर, डॉ. बीबी महाजन, डॉ. ईस्सर सिंह, डॉ. वी कपूर, डॉ. गुरशरण सिंह, डॉ. हेमराज शर्मा, डॉ. आरएस मलिक, डॉ. एसएस यादव, डॉ. निलांजना शर्मा, डॉ. आरपी साहनी आदि मौजूद रहे।

### प्रधान सैनी के पिता के निधन पर जताया शोक

**रादौर।** उत्तराखंड के राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी ने रादौर में पहुंचकर सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी के पिता के निधन पर शोक जताया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना की और शोकसतंप्त परिवार को दुख सहने की शक्ति के लिए सांत्वना दी। राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी ने कहा कि सैनी सामजा रादौर के प्रधान संदीप सैनी के पिता जयपाल सैनी नेक इंसान थे। उनका अचानक इस दुनिया से चले जाना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। उनका निधन न केवल परिवार के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। दिवंगत जयपाल सैनी एक मिलसार व्यक्ति थे। उनके अचानक निधन से रादौर में शोक का माहौल है। राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने के लिए प्रार्थना की।

# साइबर सिक्योरिटी के क्षितिज ट्रेंड्स, थ्रेट्स व टुमॉरो विषय पर लेक्चर

- जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। रादौर स्थित जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग व इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभागों की ओर से साइबर सिक्योरिटी के क्षितिज ट्रेंड्स, थ्रेट्स व टुमॉरो विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में मुख्यवक्ता के रूप में साइबर सिक्योरिटी आर्किटेक्ट सौरभ मिश्रा उपस्थित हुए। उन्होंने विद्यार्थियों से बदलती साइबर सिक्योरिटी वर्ल्ड पर बात करते हुए उभरते ग्लोबल थ्रेट्स, नई ट्रेंड्स व डिजिटल युग की चुनौतियों से निपटने के तरीकों पर चर्चा की।

उन्होंने डेटा प्रोटेक्शन, डिजिटल सिस्टम्स की सेफ्टी व ऑटोमेटेड डिफेंस मैकेनिजम्स के महत्व पर भी जोर दिया। डायरेक्टर डॉ. एसके गर्ग कहा कि ऐसे एक्सपर्ट लेक्चर अकादमिक नॉलेज और इंडस्ट्री प्रैक्टिस के बीच ब्रिज का काम करते हैं। इस अवसर पर डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. विकास जुनेजा, निधि सेठ, कपिल देव आदि मौजूद रहे।

# पराली का सही प्रबंधन किसानों की आय व पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी : गुप्ता

- जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अधिकारियों को पराली प्रबंधन की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



उपायुक्त पार्थ गुप्ता

पराली का सही प्रबंधन किसानों की आर्थिक स्थिति और पर्यावरण संरक्षण करने के लिए बेहद जरुरी है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने किसानों को धान के अवशेष नहीं जलाने और पराली का सही प्रबंधन करने के लिए आहवान किया है। उन्होंने रविवार को अपने कार्यालय में जिले के किसानों को आगाह करते हुए पराली जलाने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट व राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) के निर्देशानुसार सरकार पराली जलाने वाले किसानों पर सख्त है। उन्होंने कहा कि किसान सरकार का साथ दे पराली न जलाएं। अगर कहीं पर पराली जलाने संबंधित सूचना आती है तो पराली जलाने वाले व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिला में पराली जलाने से संबंधित कोई घटना सामने नहीं आनी चाहिए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही व लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

### पराली का करें प्रबंधन

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिला के किसानों से पराली को जलाने के बजाय इसे आय का साधन बनाए जाने के लिए आहवान किया। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से मिट्टी का स्वास्थ्य प्रभावित होता है। जिससे फसल उत्पादन में कमी आ सकती है। इसके विपरीत किसान पराली को बेचकर या उससे विभिन्न उत्पाद बनाकर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं। पराली का सही प्रबंधन न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा। बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगा। इसे संसाधन के रूप में अपनाने से जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने और मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने में भी मदद मिलेगी।

## रोटरी क्लब व इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में करवाचौथ महोत्सव

# नीना मिसेज करवाचौथ, ज्योति वर्मा रहीं उप विजेता

*महिलाओं ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को किया मंत्रमुग्ध*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। रादौर में रोटरी क्लब व इनरव्हील क्लब द्वारा आयोजित करवाचौथ महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेतीं महिलाएं।

अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब व इनरव्हील क्लब रादौर के संयुक्त तत्वाधान में कस्बा के सफल पैलेस में करवाचौथ पर्व महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में समेजसेवी निधि सेठी ने भाग लिया। क्लब की प्रधान पूजा माटिया ने बताया कि करवा चौथ महोत्सव में नीना को मिसेज करवाचौथ चुना गया। जबकि ज्योति वर्मा उप विजेता रही। इस दौरान आयोजित पंजाबी गिद्दा प्रतियोगिता में नीलम व लीला, पूजा माटिया व परमजीत कौर, अनिता झांब व चारू सिंगला, साक्षी पुरूथी व बेअंत कौर, दीपा, वीना व नीलम ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, लक्की ड्रॉ प्रतियोगिता में अनिता त्रिपाठी विजेता रही। इसी तरह माही, अनिता झांब, निशा, रजनी, गीता, मंजू, वीना, मीतु, रानी सैनी, नेहा व दिशा अलग अलग प्रतियोगिता में विजेता रही। प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्यातिथि समाजसेवी निधि सेठी व कमल सैनी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### ऐसे कार्यक्रम बढ़ाते हैं महिलाओं का हौसला

मुख्यातिथि निधि सेठी ने कहा कि करवाचौथ के अवसर पर रोटरी क्लब व इनरव्हील क्लब की ओर से शहर में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को अनेको खुशियां प्रदान की हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम से महिलाओं का हौसला बढ़ता है और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। समाज को महिलाओं को आगे आने का मौका देना चाहिए। प्रधान पूजा माटिया ने मुख्यातिथि निधि सेठी को लेपल पिन लगाकर क्लब की सदस्यता प्रदान की।

### ये रहे मौजूद

मौके पर प्रधान लक्ष्मी चोपड़ा, डॉ. कमल सैनी, नीलम बंचल, साक्षी परुथी, लीला, राजविंदर कौर, मंजू मंढान, संजना सलूजा, परमजीत कौर, अंजू नैय्यर, नीलम कांबोज, दीपा चोपड़ा, वीना चोपड़ा, मीनाक्षी, अनिता झांब, गितिका, चारू, रितु शर्मा, बेअंत कौर, नीलम मेहता, नीलम वर्मा, पूजा कालरा, पुष्पा मक्कड़, सुमन, रेखा कक्कड़ व रानी सैनी आदि मौजूद रही।

# करवा चौथ पर्व को लेकर बाजारों में भीड़, जमकर हो रही खरीदारी

## चीनी और मिट्टी से बने करवों की जगह-जगह सजीं दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

करवा चौथ जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे- वैसे बाजारों की रौनक बढ़ रही है। एक ओर जहां व्यापारियों की उम्मीदें बढ़ने लगी हैं। वहीं महिलाएं भी पर्व को लेकर उत्साहित दिख रहीं हैं। करवा चौथ को लेकर महिलाओं ने सजने संवरने से लेकर पूजन सामाग्री की खरीदारी शुरू कर दी है। इसमें ब्यूटी पार्लर की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। सबसे सुंदर दिखने के लिए महिलाओं को इस दिन का इंतजार भी रहता है। महिलाएं पति की दीघार्यु का व्रत रखने के साथ ही सबसे अधिक सुंदर भी दिखना चाहती है। करवा चौथ का त्योहार शुक्रवार 10 अक्तूबर को मनाया जाएगा।

### साड़ियों और कपड़ों की दुकानों पर भीड़

थानेसर के बाजारों में सोमवार को खरीददारी के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। शहर के बाजारों में साड़ी, ज्वेलरी, चूड़ियों की दुकानों से लेकर मिट्टी के करवे, नारियल, मेहंदी, पूजन सामग्री सहित महिलाओं के साज श्रृंगार की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ लगी नजर आ रही है। महिलाओं द्वारा जमकर खरीददारी की जा रही है। बाजार में श्रृंगार की दुकान चलाने वाले नितिन ने बताया कि इस बार बिक्री भी अच्छी चल रही है। बाजार में चीनी और मिट्टी से बने करवे और पूजन सामग्री की दुकान जगह-जगह सजकर तैयार हो गई है। इसके साथ ही साड़ियों और कपड़ों की दुकानों पर भी महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है। वहीं ब्यूटी पार्लरों में भी महिलाएं सजने संवरने के लिए आ रही हैं।



### मेहंदी के स्टाल पर महिलाएं उमड़ी

मेहंदी की दुकानों से लेकर पारंपरिक साज-सज्जा का सामान खरीदने के लिए महिलाएं उमड़ रही हैं। करवा चौथ पर महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखती हैं और शाम को चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद पति के हाथ से पानी पीकर व्रत खोलती हैं। इस दिन सोलह श्रृंगार का विशेष महत्व है, जिसमें सुहागिनें लाल-गुलाबी परिधान, मेहंदी, चूड़ियां, बिंदी और सिंदूर का उपयोग करती हैं।

### पति की लंबी उम्र के लिए रखती व्रत

*महिलाओं ने बताया कि पुराने समय से चली आ रही परम्परा के तहत वे अपने पति की लंबी उम्र की कामना करने के लिए पूरे श्रृंगार के साथ सुबह से रात तक बिना कुछ खाए पिए इस व्रत को रखती हैं और रात को चंद्रमा दर्शन के बाद अपने पति के हाथ से पानी पीकर ही व्रत खोलती हैं।*

### पूजा सामग्री की भी बढ़ रही मांग

*त्योहार से पहले बाजार में रौनक छाई है। थाल सजाने और पूजा की सामग्री खरीदने के लिए खास उत्साह है। करवा व छलनी की भी अच्छी मांग है, जो इस पर्व की पूजा में जरूरी होते हैं। कपड़ों, आभूषणों और सौंदर्य प्रसाधनों की दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रही है। मेहंदी के स्टाल पर महिलाएं सुंदर डिजाइनों की मांग कर रही हैं।*

## खबर संक्षेप



### मंदिर में हवन यज्ञ का किया आयोजन

**शाहबाद।** शारदीय नवरात्रों के चौदस के अवसर पर नगर के माता बाला सुंदरी मंदिर और माता शाकुंभरी देवी मंदिर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। नगर के काफी संख्या में माता के भक्तों ने हवन यज्ञ में आहुतियां डाली और विश्व शांति की माता से प्रार्थना की। पंडित सतीश शर्मा और ऋषि राज ने बड़ी श्रद्धा पूर्वक हवन यज्ञ के द्वारा माता के नवरात्रि के समापन पर यज्ञ हवन करवाया गया। इस मौके पर मंदिर सभा के प्रधान पवन गर्ग के इलावा काफी संख्या में मां के भक्त मौजूद रहे। हलवा पुरी का प्रसाद मंदिर सभा के द्वारा लगाया गया।

### महर्षि वाल्मीकि प्रकाशोत्सव आज

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि 7 अक्टूबर मंगलवार को दोपहर 1 बजे थानेसर के रेलवे स्टेशन के नजदीक महर्षि वाल्मीकि आश्रम में जिला प्रशासन एवं वाल्मीकि सभा के संयुक्त तत्वाधान में प्रात 10 बजे से सायं 4 बजे तक महर्षि वाल्मीकि प्रकाशोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसका आयोजन प्रदेश सरकार की ओर से संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के अंतर्गत किया जा रहा है।

### केयू यूनिवर्सिटी के मॉडल स्कूल में दिखाया जादू शो

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में जिला प्रशासन द्वारा जादू का शो आयोजित किया गया। जादू का शो देखकर छात्र छात्राएं आश्चर्यचकित रह गए। जादूगर ने हाथ की सफाई दिखाते कई जादू करके दिखाए। इसके साथ-साथ छात्रों को मेहनत करने व नकल न करने के लिए भी प्रेरित किया। स्कूल परिसर में पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंदर सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन के आदेशानुसार यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### यजुर्वेद पारायण महायज्ञ का हुआ शुभारंभ



**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र स्थित आर्य महाविद्यालय की भव्य यज्ञशाला में यजुर्वेद पारायण महायज्ञ आरम्भ हुआ। ब्रह्म वैदिक विद्वान-आचार्य सत्यप्रकाश द्वारा वैदिक मंत्रों के पवित्र ध्वनि के साथ महायज्ञ कराया गया जिसमें गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग मुख्य यजमान रहे। इस अवसर पर यज्ञवेदी पर व्यवस्थापक रामनिवास आर्य भी विद्यमान रहे और उन्होंने साकल्य सामग्री हवनकुण्ड में आहूत कर विश्व कल्याण की कामना से यज्ञ में सहभागिता की। इस महायज्ञ की पूर्णाहूति 16 अक्तूबर 2025 को होगी।

## शिक्षण संस्थानों में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई जयंती

# छात्राओं ने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन पर दी भाव-विभोर प्रस्तुति

### गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विद्या भारती हरियाणा एवं हिन्दू शिक्षा समिति के तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में महर्षि वाल्मीकि जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा दसवीं की छात्राएं सरगम एवं प्रज्ञा ने किया। कक्षा सप्तम की प्रियांशी एवं रितिका ने वाल्मीकि जयंती के अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि वाल्मीकि जयंती प्रसिद्ध आदि कवि महर्षि वाल्मीकि के जन्म दिवस के रूप में अश्विन माह की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। उत्तर भारत में यह दिवस प्रकट दिवस के रूप में मनाया जाता है।



**कुरुक्षेत्र।** महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देती गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयक की शिक्षकगण।

#### सांस्कृतिक ग्रंथ रामायण की रचना की

वाल्मीकि जी ने रामायण की रचना की जो भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण ग्रंथ है। कक्षा अष्टम की छात्राएं महिमा, नैना, गौरी, नंदनी एवं पल्लवी ने रामायण की चौपाई प्रस्तुत की। कक्षा सप्तम की छात्रा तन्वीर धीमान ने कविता प्रस्तुत कर महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन पर अद्भुत एवं भाव-विभोर प्रस्तुति दी। प्राचार्या सुमन बाला ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन के बारे में बताया कि वाल्मीकि जी का नाम रत्नाकर था। नारद जी के संपर्क में आने के बाद उन्होंने राम की इतनी आराधना की कि उनके चारों तरफ मिट्टी की बांबी बन गई जिसके कारण उनका नाम वाल्मीकि पड़ा। प्राचार्या सुमन बाला, आचार्य बहनें एवं विद्यार्थियों ने महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा, सदस्य डॉ राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा एवं प्राचार्या सुमन बाला ने समस्त विद्यालय परिवार को महर्षि वाल्मीकि की जयंती की शुभकामनाएं दीं।

### लिटिल मिलेनियम स्कूल में मनाई वाल्मीकि जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

लिटिल मिलेनियम स्कूल, सेक्टर-3 में महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। शिक्षकों ने बच्चों को महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनके आदर्शों और रामायण के लेखन के महत्व के बारे में जानकारी दी।

#### मनमोहक गीत प्रस्तुत किया

*बच्चों ने वाल्मीकि जी पर आधारित श्लोक और भक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक परमिंदर बाठ ने कहा कि हमें महर्षि बाल्मीकि जी के दिखाए गए सच्चाई, परिश्रम और सदाचार के मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति और संत महापुरुषों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था।*

### राज्य स्तरीय स्कूली प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

**कुरुक्षेत्र।** बी.आर. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के पांच छात्रों में से एक छात्र ने राज्य स्तरीय स्कूली क्रीडा प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल कर अपने विद्यालय के नाम को रोशन किया। होनहार छात्र हरप्रीत की इस उपलब्धि पर पूरे विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 5 अक्तूबर को आरकेएसडी स्टेडियम कैथल में हुआ था। गौरतलब है कि उक्त विद्यालय के आठ छात्रों ने 3 से 5 सितंबर को आयोजित हुई जिला स्तरीय स्कूल गेम्स कराटे प्रतियोगिता में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए पाँच छात्रों ने प्रथम तथा तीन ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय के नाम को रोशन किया। अत्यंत हर्ष का विषय है कि उक्त आठ छात्रों में से पाँच छात्रों का चयन राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता के लिए हुआ था। विद्यालय के 12 छात्रों ने ब्लाक स्तर पर हुई कराटे प्रतियोगिता में भाग लिया जिनमें से 8 छात्रों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। यह प्रतियोगिता गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आयोजित हुई थी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने विजेता छात्र को शुभाशीष व बधाई दी। प्राचार्या पूजा कंबोज ने अन्य छात्रों को विजेता छात्र जैसा दृढ़ रखने को प्रेरित किया।



### रक्त की आपूर्ति मानव से ही संभव : आहुजा

**शाहबाद।** सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी एवं रोटरी क्लब शाहबाद के पूर्व प्रधान डॉ. एस. एस. आहुजा ने कहा कि रक्त की आपूर्ति केवल मानव द्वारा किए गए रक्तदान से ही संभव है, इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को हर 3 महीने के अंतराल में नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। वे देहदानी स्व. प्रेमलता की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन कर रहे थे। यह विशाल रक्तदान शिविर रोटरी क्लब शाहबाद के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें नगर की अन्य संस्थाओं का भी विशेष सहयोग रहा। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। समाजसेवी अनिल अरोड़ा ने अतिथियों को शॉल ओढ़ा कर एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया। फतेह चंद अरोड़ा व नवीन अरोड़ा ने सभी अतिथियों का मंच पर स्वागत किया। शिविर के दौरान 25 रक्त सेविकाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब शाहबाद की ओर से सक्रिय भूमिका निभाने वालों में प्रोजेक्ट चेयरमैन प्रितपाल सिंह ढिल्लों, राज कुमार गर्ग, रोटरी सचिव विक्रम गुप्ता, महेश गोयल, सुरेश गोगिया, दीपक कक्कड़, वीरेंद्र ठकराल, प्रवीन ठकराल शामिल, मनिन्दर सिंह घुम्मन मौजूद रहे।




# कांग्रेस में नहीं कोई गुटबाजी, मजबूती के साथ करेंगे काम : राव नरेंद्र सिंह

### हरियाणा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का पीपली पहुंचने पर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र के चंडीगढ़ में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह से पहले पीपली पेराकिट में उनका जोरदार स्वागत हुआ। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह, थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, पूर्व मंत्री संसदीय सचिव सुल्तान झड़ौला के इलावा सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकतार्ओं ने प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र पहुंचने पर सबसे पहले भगवान कृष्ण की पावन धरा को नमन करता हूं जो गीता का ज्ञान भगवान कृष्ण ने दिया वह ज्ञान सबसे बड़ा ज्ञान है और आज पूरा विश्व उसका अनुसरण कर रहा है।



**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह का स्वागत करते हुए जिला अध्यक्ष मेवा सिंह, थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा एवं कांग्रेस कार्यकर्ता।

#### कांग्रेस नेताओं का जताया आभार

*कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा की मांग पर जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसके लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, पूर्व कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी एवं शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एकजुट है कोई गुटबाजी नहीं है और प्रदेश में संगठनात्मक ढांचा काफी मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियां जिससे हर वर्ग दुखी है उन जनविरोधी नीतियों को उजागर किया जाएगा और जन जन पहुंचने का काम कांग्रेस करेगी। उइस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, पूर्व संसदीय सचिव सुल्तान झड़ौला, सुनील राणा, जिला परिषद सदस्य एवं एससी सैल कँवरपल सिंह,पवन चौधरी, बिमला सरोहा, कुलदीप हाथीरा, सुनीता नेहरा,संजीव सैनी, सुभाष पलवल, सुरेंद्र फौजी, अशोक सिडाना, नवनीत नरवाल, विक्रम बोड़ला, राजीव गोयल, बालकिशन रामगढ़ आदि मौजूद रहे।*

### भारत को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र शाखा द्वारा शाखा स्तरीय भारत को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का शानदार आयोजन सलारपुर रोड स्थित गीता निकेतन के सभागार में किया गया जिसमें शहर के 20 से अधिक प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम से किया गया तत्पश्चात शाखा संरक्षक रतन चंद सरदाना एवं वरिष्ठ सदस्य रमेश गुलाटी द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव चावला अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन कुरुक्षेत्र एवं विशिष्ट अतिथि रामेंद्र सिंह निर्वतमान निदेशक ,विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान को श्रीफल एवं अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। शाखा सचिव बलजीत चावला ने कार्यक्रम के बारे में एवं भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में उपस्थित सभी अतिथियों एवं अन्य लोगों को विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# जिंदल के आह्वान पर सांसद खेल महोत्सव में युवा दिखा रहे रुचि

### लगभग पौने दो लाख से अधिक प्रतिभागी करवा चुके पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल के नेतृत्व में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में युवाओं का उत्साह दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में अब तक लगभग पौने दो लाख प्रतिभागियों का पंजीकरण हो चुका है। यहां के युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान के संदेश को भी जन-जन तक पहुंचाता प्रतीत हो रहा है। सांसद नवीन जिन्दल स्वयं एक खिलाड़ी हैं और सांसद खेल महोत्सव को लेकर बेहद उत्साहित हैं। सांसद नवीन जिन्दल इन खेलों के पंजीकरण से लेकर आयोजन तक की प्रत्येक गतिविधि पर व्यक्तिगत रूप से नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम को निर्देश दिए हैं कि इस खेल महोत्सव को कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में भव्य और सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया जाए।



#### खेलों के सफल आयोजन में करें सहयोग: जिंदल

*सांसद जिन्दल ने हाल ही में यमुनानगर, कैथल और कुरुक्षेत्र में हुई दिशा समीक्षा बैठकों में भी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे खेलों के सफल आयोजन में पूरा सहयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि सभी खेल स्टेडियमों में खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाएं जैसे कि पानी, स्वच्छता, फर्स्ट एड, और तकनीकी सहयोग समय पर उपलब्ध कराई जाएं ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का स्पष्ट मत है कि इस आयोजन से क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को पहचान मिलेगी और ग्रामीण अंचलों में भी खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इन खेलों के माध्यम से फिटनेस और टीम भावना को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही युवाओं में आत्मविश्वास और अनुशासन का भी विकास होगा।*



**पिहोवा।** शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते मंत्री कृष्ण कुमार बेदी।

### गांव मलिकपुर में व्यक्ति की हत्या पर मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने जताया शोक

**पिहोवा।** हरियाणा के सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग, कल्याण और अंत्योदय मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि परिवार में कमाने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो जाना न केवल परिवार बल्कि समाज के लिए भी बहुत बड़ी दुखद घड़ी होती है। वे सोमवार को पिहोवा के गांव मलिकपुर मे रूमल नाम व्यक्ति की हत्या होने पर उनके परिवार से मिलने तथा शोक प्रकट करने पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी तथा हरियाणा विमुक्त घुमंतु जाति विकास बोर्ड के जयसिंह पाल उपस्थित थे। मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि गांव मलिकपुर निवासी रूमल की हत्या एक बेहद दुखद घटना है। रूमल परिवार का इकलौता कमाने वाला व्यक्ति था। इनके पिता की भी मृत्यु काफी समय पहले हो गई थी। इनकी तीन बेटियां व एक बेटा है। पांच बहनों का एकलौता भाई था, जिसकी कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चाकू मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग जांच में जुटा हुआ है। जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

**कार्यक्रम** श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली में भगवती जागरण का किया आयोजन

# चलो बुलावा आया है.. भेंट पर जमकर झूमे भक्तजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली में विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया गया। मंदिर के पीठाधीश ज्योतिषाचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने भक्तों को इतिहास बताया कि 31 दिसम्बर 1963 को श्री दुर्गा देवी मन्दिर की स्थापना उनके पूज्यनीय पिता स्वर्गीय पण्डित शेषमणि मिश्रा संस्थापक जी ने समस्त पिपली के भक्तों द्वारा करवायी थी। तभी से नवरात्र में चैत्र और आश्विन मॉस की त्रयोदशी को भगवती जागरण और चौदस नवरात्र को यज्ञ व भंडारा प्रारम्भ हुआ था। उसी श्रृंखला में समस्त पिपली निवासियों के सहयोग से भगवती जागरण आश्विन मॉस की त्रयोदशी नवरात्र, रविवार को भजन गायक श्रवण राज एण्ड पार्टी द्वारा किया गया।



**कुरुक्षेत्र।** जागरण में मौजूद भक्तजन।

#### हवन और भंडारे का किया आयोजन

पंडित राहुल मिश्रा ने श्रीगणेश पूजन, नवग्रह पूजा और मां दुर्गा की पूजा अर्चना वैदिक मन्त्रों से मुख्य यजमान राहुल तलवाड़ ने परिवार सहित करवाई और ज्योति प्रज्वलित करवाई क श्रवण राज और सतीश शर्मा ने जय गणेश देवा, मेरी दाती कंठ में रहना, हड़ोले झूल दे, चलो बुलावा आया है, जगराते वाली रात और तारा रानी की कथा गाई। जयपाल गर्ग, कुसुम गर्ग, अंकुश गर्ग, माधवी, पुनीत गर्ग, कणिका गर्ग ने परिवार सहित यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया। डॉ. मिश्रा ने राहुल तलवाड़ और परिवार का मां दुर्गा की फोटो और चुनरी से सम्मान किया। पंकज खन्ना पार्षद का मां की चुनरी और राम दरबार की फोटो से सम्मान किया। श्रवण राज एण्ड ग्रुप को मां दुर्गा की चुनरी और फोटो से सम्मान किया। डॉ. मिश्रा ने बताया कि सनातन धर्म में भगवान का ध्यान, आरती, संकीर्तन, जीव जंतुओं और गौ सेवा के साथ माता पिता और बुजुर्गों की सेवा का विशेष महत्त्व है। हम सभी को परिवार सहित सनातन धर्म के नियम अनुसार चलना चाहिए। पूर्ण सद्गुरु ही मानव जीवन को सफल करने की साधना करवाता है। ओंकार से जोड़ता है। भगवान राम ही जीवन का आधार है। राम नाम का सुमिरन, साधना, सेवा की कलियुग में महत्वपूर्ण भूमिका है।

#### ये रहे मौजूद

*इस शुभ अवसर पर सुमित्रा पाहवा, अनु पाहवा, पायल सैनी, निशा अरोड़ा, ऊषा शर्मा ,आशा कवात्रा ,फूलकली, सोनू ,सीमा व शिमला धीमान, सुरेंद्र कौर, समाज सेवी केवल कृष्ण छाबड़ा, महेश तनेजा, रवि तुली, सतपाल बंसल, राम कुमार गर्ग, भक्त सुशील तलवाड़ और समस्त पिपली निवासी उपस्थित रहे। मां दुर्गा की आरती के पश्चात सभी भक्तों ने श्रद्धा अनुसार प्रसाद लिया।*

## खबर संक्षेप



प्रतियोगिता में अव्वल रहने वाले छात्र।

### पॉवर प्वाइंट प्रिजेंटेशन प्रतियोगिता में सुमित प्रथम

**अंबाला।** अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा पॉवर प्वाइंट प्रिजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 18 प्रतिभागियों ने क्लाउड कम्प्यूटिंग, रोबोटिक्स और फॉग कम्प्यूटिंग जैसे समसामयिक विषयों पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सरबजीत कौर, डॉ. रुचि तथा डॉ. शक्ति ने किया। निर्णायक मंडल में डॉ. पूनम धीमान, डॉ. आशीष जॉली और डॉ. श्रुति शामिल रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुमित,द्वितीय स्थान स्नेहा व तृतीय स्थान संयुक्त रूप से आर्यन व महक ने प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. देश राज बाजवा ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया तथा विजेताओं को बधाई दी।

### राशन वितरण की अवधि 8 अक्तूबर तक बढ़ाई

**अंबाला।** जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अपार तिवारी ने बताया कि जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक निशांत राठी ने बताया कि मास सितंबर-2025 की सभी आवश्यक राशन वस्तुओं (गेहूं, चीनी तथा सरसों तेल) की वितरण की अवधि 8 अक्तूबर 2025 तक बढ़ा दी गई है। इस प्रकार जो लाभार्थी मास सितंबर-2025 का गेहूं, चीनी तथा सरसों तेल प्राप्त करने से वंचित रह गया है तो वह पोस मशीन में अंगूठा लगाकर सामान ले सकते हैं।

### समस्याओं का जल्द समाधान करने निर्देश

**अंबाला।** एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार ने सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगों की समस्याओं को सुना और साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनकी समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारी को कहा कि समाधान शिविर हरियाणा सरकार द्वारा लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतू शुरू की गई एक सराहनीय पहल है।

### आठ अक्तूबर तक दूर करें त्रुटियां

**अंबाला।** सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-2026 के दौरान राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत स्मैम के फसल अवशेष प्रबंधन घटक के अंतर्गत धान फसल अवशेष आपूर्ति श्रृंखला की स्थापना के लिए ऑनलाइन आवेदन विभाग के पोर्टल पर 25 जुलाई 2025 तक आमंत्रित किए थे । वह सभी आवेदकों को अपने लॉगिन के माध्यम से अपने दस्तावेजों में यदि कोई भी त्रुटि थी उस त्रुटि को 8 अक्तूबर 2025 तक पोर्टल पर दूर करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। विभाग के पोर्टल पर 25 जुलाई तक आमंत्रित किए थे ।

## पर्याप्त व्यवस्थाएं न होने की वजह से किसानों को नुकसान

# मूसलाधार बरसात की वजह से मौसम का बदला मिजाज, ठंडक ने दी दस्तक

**बरसात की वजह से मंडियों में भीगा धान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम तेजी से बदल रहा है। सोमवार को अचानक हुई बरसात की वजह से शाम को ठंडक ने दस्तक दे दी। ठंडी हवाएं चलने से लोगों को ठंड आने का अहसास हो गया। बरसात की वजह से मंडियों में पड़े धान को एक बार फिर नुकसान हुआ है। हालांकि किसानों की ओर से खुद के संस्थानों के जरिए धान को बरसात से बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया गया। इसके बावजूद कई जगह धान बरसात की वजह से गीला हो गया। गौरतलब है कि सोमवार को अंबाला समेत कई जिलों में मूसलाधार बारिश का अलर्ट था। सुबह से ही अचानक यहां मौसम ने करवट ले ली थी। बूंदाबांदी के बाद अचानक तेज बरसात ने ठंड का अहसास करवा दिया। बारिश का असर अंबाला शहर की अनाज मंडी में देखने को मिला। यहां धान की फसल भीगती हुई नजर आई। इसकी वजह से किसान बेहद परेशान नजर आए। किसानों की ओर से फसल को बचाने के लिए उसे तिरपाल की मदद से ढकने का प्रयास किया। दूसरी तरफ कई जगह पर खुले में पड़ी धान की फसल भीग गई। बरसात ने प्रशासनिक तैयारियों की कमी को उजागर किया है। मौसम विभाग के पूर्व अलर्ट के बावजूद मंडी में बारिश से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। इसकी वजह से खुले में रखा हजारों क्विंटल अनाज भीग गया। किसानों ने बताया कि सुबह से हो रही बारिश से उन्हें काफी नुकसान हुआ है। यहां एक तरफ पहले ही उन्हें 2 गुना लेबर लगवाकर फसल लगानी पड़ी है अब जो फसल आई है वह भी बर्बाद होने की कगार पर है। किसानों ने मंडी में सुविधाओं की कमी पर कह कि कई हिस्सों में शैड नहीं है। जो मौजूद है वह भी अपर्याप्त है। तेज हवा के कारण तिरपाल उड़ गए जिससे फसलें नहीं ढंकी जा सकी। जो फसल अभी भी खेतों में खड़ी है वह भी खराब हो गई है। ऐसे में इस बार किसानों का काफी नुकसान हो रहा है।



अंबाला। शहर की अनाजमंडी में बरसात में भीगता धान। फोटो: हरिभूमि

### उठान न होने से बढ़ी दिक्कत

जिले की ज्यादातर मंडियों में धान का समय पर उठान न होने से भी किसान बेहद परेशान हैं। उनका कहना है कि हर साल सीजन में फसलों का समय पर उठान नहीं हो पाता। इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ता है। किसान नेता अमरजीत सिंह मोहड़ी ने कहा कि हर बार प्रशासनिक अधिकारी मंडियों में पर्याप्त व्यवस्थाएं करने के दावे करते हैं। मगर हकीकत में कुछ नहीं होता है। उन्होंने बताया कि बरसात आने पर यहां किसानों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। खासकर अंबाला शहर की अनाजमंडी में फसल ज्यादा आने से समय पर उठान नहीं हो पाता। इसी वजह से हर सीजन किसानों को शासकीय लापरवाही की वजह से आर्थिक तौर पर भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

### डेंगू के केसों की संख्या बढ़कर छह हुई, अभी तक स्वास्थ्य विभाग ने नहीं करवाई फोगिंग

**अंबाला।** बरसाती सीजन निकलने के बाद अब डेंगू-मलेरिया का डर सताने लगा है। निगम की ओर से फॉगिंग करवाने के लिए अभी फुर्ती नहीं दिखाई जा रही है। निगम ने शहर में फॉगिंग को लेकर कोई शेड्यूल भी नहीं बनाया है। बीते वर्ष में भी फॉगिंग में देरी होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी थी। इस वर्ष भी निगम शहर में फॉगिंग करवाने में लगातार देरी कर रहा है। वहीं, फॉगिंग के लिए दवाई स्वास्थ्य विभाग की ओर से दी जाती है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जनवरी से अभी तक डेंगू के 6 केस आ चुके हैं। मलेरिया का कोई केस नहीं आया है। विभाग की ओर से 50 ब्रीडिंग चेकर टीम लारवा चेक करने के लिए कार्य कर रही है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में 825 आशा वर्कर घर-घर जाकर लारवा चेक करने के साथ ही जागरूक भी कर रही हैं। अंबाला शहर में कुल 20 वार्ड हैं। निगम की ओर से प्रत्येक वार्ड के लिए एक मशीन रखी गई है, इसके साथ ही दो ऑटोमेटिक मशीन भी निगम के पास हैं। निगम के क्षेत्र का दायरा काफी बड़ा है, मगर निगम के पास मशीन कम हैं। बीते वर्षों में भी देखने में आया है कि निगम की ओर से शहर के सभी वार्ड में पूरे क्षेत्र में फॉगिंग नहीं की जाती। इस वजह से कई पार्षद अपने खर्च पर भी फॉगिंग करवाने पर मजबूर होते हैं, इसके साथ ही निगम की ओर से किस वार्ड में कब और कैसे फॉगिंग कराई जाएगी।

## भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना

# दो दिवसीय मेले की सभी तैयारियां संपन्न

- मेले में शाम को सांग व दंगल का आयोजन किया जाएगा जिसमें कई नामी पहलवान अपना दमखम दिखाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

गांव तंदवाल-हरयोली की सीमा पर स्थित पवित्र मारकंडेश्वर मंदिर में मंगलवार से पारंपरिक दो दिवसीय मेला विधिवत रूप से शुरू होने जा रहा है । मेले की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले में माथा टेकने आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए मंदिर कमेटी व प्रशासन ने संयुक्त रूप से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी यह मेला श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में मनाया जाएगा। पिछले दो- तीन दिनों से दुकानदार मेले में अपनी दुकानों को लगाने पहुंच चुके थे। मेला समिति की ओर से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए सभी मार्गों को दुरुस्त किया गया है। इसके इलावा मेले में बिजली, पेयजल तथा सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि मेले में शाम को हरियाणवी सांग व कुश्ती दंगल का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें कई नामी पहलवान अपना दमखम दिखाएंगे। बता दे कि इस मेले में प्रदेश के साथ-साथ हिमाचल, पंजाब और उत्तर प्रदेश के सुदूर इलाकों से बड़ी संख्या में लोग आते हैं। मंदिर में माथा टेक मन्नते मांगते है।



बराड़ा। मारकंडेश्वर मंदिर के प्रवेश द्वार की फोटो। फोटो: हरिभूमि

मारकंडेश्वर मंदिर के महंत गुरजीत सिंह उर्फ ज्ञान मुनि ने बताया कि मेले का शुभारंभ मंगलवार को सुबह हवन-पूजन और आरती के साथ किया जाएगा। श्रद्धालु सबसे पहले मारकंडा नदी में स्नान कर मीठे चावल का प्रसाद चढ़ाकर माथा टेकेंगे। बाद में मंदिर में जाकर मन्नतें मांगेंगे। मेले के दौरान विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मेले में आने वाले लोगों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस व स्वयंसेवकों की टीमें तैनात की गई हैं।

# नमी के नाम पर किसानों को लगाया जा रहा चूना

- धान, बाजरा और कपास की मंडियों में हाहाकार; सरकारी खरीदी बनी किसानों के शोषण का पर्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि प्रदेश की धरती पर किसान सिर्फ फसल नहीं बल्कि अपनी उम्मीदें भी बो रहा हैं। उन्हें भाजपा सरकार की असंवेदनशील नीतियां रोज काट रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मंडियों में इन दिनों जो दृश्य देखने को मिल रहे हैं, वे न केवल प्रशासनिक असफलता का प्रमाण हैं बल्कि किसानों की आत्मा को छलनी करने वाली व्यवस्था की गवाही भी देते हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट एडवोकेट रोहित जैन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा सरकार द्वारा घोषित तथाकथित 'सरकारी खरीदी अभियान' अब किसानों के लिए राहत नहीं बल्कि 'पाप का पखवाड़ा' बन चुका है। प्रदेश के खेतों में जहां कभी मेहनत और विश्वास की फसल उगती थी, वहां अव्यवस्था, कटौती और ठगी के बीज बोए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि धान, बाजरा और कपास के किसानों के साथ हो रहा अन्याय किसी संयोग का परिणाम नहीं बल्कि एक सुनियोजित 'कृषि-शोषण नीति' है। सरकार ने धान की सरकारी खरीदी में कमी करके किसानों को खुले बाजार के हवाले छोड़ दिया है। नमी के नाम पर किसानों को चूना लगाया जा रहा। तय एमएसपी के बावजूद किसानों को नुकसान कर कमर तोड़ने का काम कर रही है।



अंबाला। कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद रोहित जैन व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### तय रेट का अता-पता नहीं

बाजरे के मामले में स्थिति और भी गंभीर है। किसानों को तय रेट की जगह निजी व्यापारियों द्वारा मुश्किल से 1700/1800 प्रति क्विंटल दिए जा रहे हैं। ऊपर से 'भावांतर भरपाई योजना' के तहत तय रेट का कोई अता-पता नहीं। रोहित जैन ने कहा कि यह किसानों के साथ एक 'दोमुंहा धोखा' है जिसमें वादे कागज पर हैं और वाजिब हक़ बाजार की हवाओं में खो गया है।

### कार्रवाई की गई

कपास के किसानों की दशा तो दयनीय है। उन्हें निजी मिलों के हाथों औने-पौने दाम पर अपनी फसल बेचनी पड़ रही है जहां प्रति क्विंटल लगभग 4,000 तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पूर्व प्रेजिडेंट एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि यह सब केवल एक प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि किसानों के प्रति राजनीतिक उपेक्षा और आर्थिक निर्दयता का प्रतीक है। रबी सीजन की बुआई से पहले खाद की किल्लत ने किसानों की परेशानियों को और गहरा कर दिया है। जैन ने अंत में कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ अन्याय और इस 'कृषि-विरोधी शासन' के विरुद्ध हर मंच पर आवाज़ बुलंद करती रहेगी।

# दस माह बाद 64 लाख की लागत से पांच गलियों का होगा निर्माण

## अर्जुन नगर के लोगों ने मंत्री विज को गलियों के निर्माण को लेकर दी थी शिकायत

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

- अध्यक्ष ने किया कार्य का शुभारंभ

10 माह पहले जनता दरबार में गलियों के निर्माण की शिकायत पर काम शुरू हो गया। यह शिकायत अंबाला छावनी के वार्ड नंगर 11 में पड़ने वाले अर्जुन नगर से संबंधित थी। इस संबंध में नगर परिषद की अध्यक्ष स्वर्ण कौर सहित मनोनीत सदस्य जसबीर सिंह जस्सी ने गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया ताकि वर्षों पुरानी स्थानीय निवासियों की समस्या का समाधान हो सके। इस मौके पर परमजीत सिंह, फकीरचंद सैनी, रोहताश सैनी, बलवंत सिंह, वरिंदर सिंह व शिव सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### अर्जुन नगर में गलियों का निर्माण प्रारंभ

23 दिसंबर 2024 को अंबाला छावनी के पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में लगे जनता दरबार के दौरान गलियों के निर्माण से जुड़ा पत्र कैबिनेट मंत्री अनिल विज को सौंपा गया था जोकि आगामी कार्रवाई के लिए नगर परिषद के सुपुर्द कर दिया गया। इन गलियों के निर्माण की रूपरेखा अभियंता विभाग की ओर से तैयार की गई, लेकिन इन गलियों के निर्माण में 10 माह का समय लग गया क्योंकि फंड न होने के कारण यह योजना सिरे नहीं चढ़ रही थी। इसलिए अब एमसी फंड से गलियों का निर्माण शुरू कर दिया गया है। वार्ड नंबर 11 के अधीन अर्जुन नगर क्षेत्र में पांच गलियों का निर्माण किया जाएगा, इसमें अर्जुन नगर बी ब्लॉक से रामपुर गांव की सड़क का निर्माण 9 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। इसी प्रकार रामदास से भूपिंदर के घर तक गली का निर्माण 10 लाख की लागत से, सपना सैनी के घर से डॉ. साकेत के घर तक 10 लाख रुपये से गली का निर्माण, साई बाबा मंदिर से रामपुर तक 15.09 लाख रुपये की लागत से गली का निर्माण और वकील सुशील कुमार के घर से जनस्वास्थ्य विभाग के ट्यूबवेल से 19.94 लाख की लागत से गली का निर्माण किया जाएगा। नप की अध्यक्ष स्वर्ण कौर ने बताया कि अर्जुन नगर में गलियों के निर्माण की समस्या दिसंबर 2024 में जनता दरबार के दौरान स्थानीय निवासियों ने दी थी। इन गलियों का लेखा-जोखा तो तैयार हो गया था, लेकिन फंड की कमी के कारण योजना सिरे नहीं चढ़ रही थी। अब एमसी फंड से गलियों का निर्माण शुरू करवा दिया गया है ताकि स्थानीय निवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो सके और उन्हें राहत मिल सके।

# छात्रों ने ग्रुप डांस में लूटी वाहवाही

- जिलास्तरीय सांस्कृतिक कला उत्सव का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरेड़ी कलां के विद्यार्थियों ने शिक्षा विभाग की ओर से जिलास्तरीय सांस्कृतिक कला उत्सव प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने संगीत, गायन, लोक नृत्य,नाटक, दृश्य कला सहित अन्य कलाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया विद्यालय प्रधानाचार्य राजेश लोहान ने बताया कि जिलास्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा पांच से आठ वर्ग में छात्रों ने ग्रुप डांस में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों की अंतर्निहित रचनात्मकता व कलात्मक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करना है।



नारायणगढ़। बाजी मारने वाले छात्रों के साथ शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

# मुस्कान ने विवि टॉप कर किया कॉलेज का नाम रोशन

- बी फार्मेसी प्रथम सेमेस्टर में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

लाला अमीचंद कॉलेज ऑफ फार्मेसी की छात्राओं ने बी फार्मेसी प्रथम सेमेस्टर में शानदार सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। कॉलेज की छात्रा मुस्कान ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सेजल ने 82.89 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान और साक्षी व शीतल ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्रबंधन के सदस्य कृष्ण लाल सैनी ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ये उपलब्धि पूरे कॉलेज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने छात्राओं को निरंतर मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



बराड़ा। कॉलेज स्टाफ के साथ स्टूडेंट्स। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. साहिल केनर ने छात्राओं को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और कहा कि "मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजी हैं।" इस अवसर पर डॉ. कीर्ति, नवनीत, उदय, पंकज, लवजीत, गोरिषा, प्रभजोत और इशु सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### अग्रसेन ने आदर्श समाज की रचना की

**अंबाला।** विधानसभा संयोजक रितेश गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज में अहिंसा, समानता और परस्पर सहयोग की भावना को बढावा दिया। एक आदर्श समाज की रचना की। विधानसभा संयोजक बीते दिन महाराजा अग्रसेन की पावन जयंती के अवसर पर अग्रवाल सभा मॉडल टाउन द्वारा अग्रवाल भवन सेक्टर-9 में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पंहुचे थे।

### धमकी देने के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी नसीब को गिरफ्तार किया है। परिवादी आनंद ने 2 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई कि 30 अगस्त 2025 को कालका चौक में आरोपी नसीब व अन्य ने उससे मारपीट की और नुकीले तेजधार हथियार से हमला कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## मंत्री श्याम सिंह राणा बोले-वैश्य समाज निभा रहा समाजसेवा में अहम भूमिका

**महाराजा अग्रसेन जयंती पर्व बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया**

# महाराजा अग्रसेन ने समाज में समानता, सहयोग और आर्थिक स्वावलंबन का अद्भुत संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन एवं महाराजा अग्रसेन वैश्य सेवा समिति की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती पर्व बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री संतोष चौहान सारवान उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी रितेश गोयल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा महाराजा अग्रसेन जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया। जिला प्रधान विकास सिंगला ने सभी आगंतुकों का स्वागत और धन्यवाद किया। मंत्री श्याम सिंह राणा ने अपने संबोधन में कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज में समानता, सहयोग और आर्थिक स्वावलंबन का अद्भुत संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अग्रसेन ने गरीब और जरूरतमंद लोगों के कल्याण के लिए शिक्षा, अस्पताल और सामुदायिक भवन जैसी कई योजनाएं शुरू की थीं। देशभर में अग्रसेन के नाम पर स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और समाजसेवी संस्थाएं समाज सेवा में कार्यरत हैं। राणा ने वैश्य समाज से आह्वान किया कि वे अग्रसेन के आदर्शों पर चलते हुए समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।



बराड़ा। कार्यक्रम में मौजूद मंत्री श्याम सिंह राणा व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### नृत्य-नाटिका से मोहा सबका मन

इस अवसर पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने यहां बन रहे अग्रसेन द्वार की प्रशंसा करते हुए इसके लिए अपने कोष से 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। , संतोष चौहान सारवान ने नगरपालिका की ओर से 5 लाख रुपये अनुदान की घोषणा की। कार्यक्रम में डीएवी स्कूल के बच्चों ने महाराजा अग्रसेन के जीवन पर आधारित नृत्य-नाटिका प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया जबकि भजन गायिका संध्या तोमर (फरीदाबाद) ने अपने मधुर भजनों से वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

### ये रहे मौजूद

नपाध्यक्ष रजत मलिक, विकास सिंगला, अजय गर्ग, संदीप गर्ग, बिजेंद्र बंसल, अनुराग अग्रवाल, पवन गुप्ता, सुनील सिंगला, विजय गोयल, डॉ. राजेश बंसल, गुलशन गोयल, गौरव गर्ग, सुमित सिंगला, वैभव सिंगला सहित भारी संख्या में अग्रबंधु उपस्थित रहे।